**पूर्ण विज्ञापन हेतु क्यू आर कोड को स्कैन करें**

सीएसआईआर–भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान
विषविज्ञान भवन, 31 महात्मा गांधी मार्ग, पोस्ट बॉक्स नं. 80, लखनऊ-226001
CSIR-Indian Institute of Toxicology Research
Vishvigyan Bhavan, 31 Mahatma Gandhi Marg, Post Box No.80, Lucknow-226001

## विज्ञापन संख्या: IITR/1/2023

" कनिष्ठ हिंदी अनुवादक -2023"  पद हेतु एक्सेस लिंक **http://iitrindia.org/En/JHT2023.aspx**

| | |
|---|---|
| **पंजीकरण करने, शुल्क जमा करने एवं ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि** | **: 05-06-2023, अपराह्न 5:00 बजे से** |
| **ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि** | **: 04-07-2023 अपराह्न 5:00 बजे तक** |

## विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हिंदी में उत्कृष्टता प्राप्त करने का एक अनूठा अवसर

सीएसआईआर- भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान(सीएसआईआर-आईआईटीआर) लखनऊ, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), नई दिल्ली की एक घटक प्रयोगशाला है। इसकी स्थापना 4 नवंबर, 1965 को हुई थी। यह देश में विषविज्ञान का एकमात्र संस्थान है जो कि अपने आदर्श वाक्य- "पर्यावरण एवं स्वास्थ्य की सुरक्षा तथा उद्योग की सेवा" के साथ विषाविज्ञान में आधुनिकतम अनुसंधान एवं  नवाचार हेतु योगदान दे रहा  है। सीएसआईआर-आईआईटीआर ने मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के साथ-साथ रसायनों/उत्पादों की सुरक्षा से संबंधित प्रमुख समस्याओं को हल करने में महत्वपूर्ण  कार्य किया है।  सीएसआईआर-आईआईटीआर को नेशनल जीएलपी – कंपलायन्स मॉनिट्रिंग अथॉरिटी (एनजीसीएमए), भारत सरकार से गुड लेबोरेटरी प्रैक्टिस (जीएलपी) अनुपालन प्रमाणपत्र प्राप्त है। संस्थान में राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड (एन°ए°बी°एल°) द्वारा प्रत्यायित जैविक और रासायनिक परीक्षण सेवाएं हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया संस्थान की वेबसाइट http://iitrindia.org देखें।

सीएसआईआर-आईआईटीआर के पास विषविज्ञान में विश्व स्तर का बुनियादी ढाँचा एवं मानव संसाधन हैं तथा  पर्यावरण और स्वास्थ्य के मुद्दों को हल करने हेतु संस्थान एक समेकित समाधान प्रदान करता है। संस्थान ने विषविज्ञान के विभिन्न पहलुओं से संबंधित वैश्विक ज्ञानक्षेत्र को समृद्ध किया है। संस्थान के वैज्ञानिकों ने उच्च इम्पैक्ट फ़ैक्टर आर्टिकल्स के अतिरिक्त हिंदी में विभिन्न प्रकार की वैज्ञानिक सामग्री प्रकाशित की है।   सीएसआईआर-आईआईटीआर ने नीति निर्धारण अनुसंधान में योगदान देने की दिशा में अग्रणी रहा है और संस्थान ने अनेक नीतिगत दस्तावेजों, दिशानिर्देशों तथा बीआईएस / आईएसओ मानकों हेतु इनपुट प्रदान किए हैं। सीएसआईआर- आईआईटीआर बाइरैक - बायोनेस्ट  (बीआईआरएसी-बीआईओएनईएसटी), डीएसआईआर-सीआरटीडीएच  द्वारा समर्थित अपने "प्रौद्योगिकी विकास एवं नवाचार केंद्र" के माध्यम से एक गुणकारी नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करता है। वैज्ञानिक नवीन तकनीकी समाधानों के माध्यम से उद्योगों की समस्याओं को हल करने के लिए उनके साथ निरंतर बातचीत करते हैं। विषविज्ञान के क्षेत्र में पांच दशकों से अधिक के योगदान से खाद्य, औद्योगिक एवं  नैनोमटीरियल विषविज्ञान के क्षेत्र में सीएसआईआर विश्व स्तर पर शीर्ष पांच में स्थापित हुआ  है।

सीएसआईआर-आईआईटीआर में कनिष्ठ हिंदी अनुवादक के पद को भरने हेतु उत्साही, युवा भारतीय नागरिकों से **आनलाईन माध्यम** से आवेदन आमंत्रित करते हैं। पद और नियम के अनुसार संबंधित परिलब्धियों के साथ-साथ आयु सीमा एवं आरक्षण का विवरण निम्नलिखित है : –

**पद का विवरण**:-

| पोस्ट कोड | पदनाम | पदों की संख्या आरक्षण की स्थिति | पे मैट्रिक्स | अधिकतम ऊपरी आयु सीमा, आनलाईन आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम (04.07.2023) तक |
|---|---|---|---|---|
| ए | कनिष्ठ हिंदी अनुवादक | एक (अनारक्षित) | लेवल 06<br>रू 35400-112400 | 30 वर्ष |

*कृपया आयु में छूट हेतु सामान्य शर्तों में देखें।

## कनिष्ठ हिंदी अनुवादक,पोस्ट कोड-ए के पद हेतु अनिवार्य शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव, वांछनीय योग्यता एवं कार्य की आवश्यकताएं:-

| **Essential Educational Qualifications and** Experience<br>**अनिवार्य शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव** | **Desirable Qualification**<br>**वांछनीय योगयता** | **Job Requirements**<br>**कार्य की अपेक्षा** |
|---|---|---|
| (i). Master's degree of a recognized University or equivalent in Hindi or English with English or Hindi as a compulsory or elective subject or as a medium of examination at the degree level;<br>**OR**<br>Master's degree of a recognized University or equivalent in any subject other than Hindi or English, with Hindi or English medium and English or Hindi as a compulsory or elective subject or as a medium of examination at the degree level;<br>**OR**<br>Master's degree of a recognized University or equivalent in any subject other than Hindi or English, with Hindi and English as a compulsory or elective subjects of either or the two as the medium of examination and the other as a compulsory or elective subject at degree level;<br>**AND**<br>(ii). Recognized Diploma or Certificate course in translation from Hindi to English & vice versa or two years' experience of translation work from Hindi to English and vice versa in Central or State government offices, including Government of India undertaking. | (i). Knowledge at the level of Matriculation of a recognized Board or equivalent of one of the Languages other than Hindi mentioned in the Eighth Schedule of the Constitution.<br><br>(ii). Degree or Diploma course in translation from Hindi to English and vice-versa from a recognized Institute/University. | The incumbent will be required to translate official documents, correspondences; scientific literature etc. from English to Hindi and vice versa and any other work that may be assigned. |

**<u>लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम : -</u>**

इस पद हेतु दो प्रश्नपत्र (प्रश्नपत्र-I एवं प्रश्नपत्र-II) होंगे। दूसरे प्रश्नपत्र का मूल्यांकन केवल उन अभ्यर्थियों के लिए किया जाएगा जो पहले प्रश्नपत्र में न्यूनतम सीमा अंक (चयन समिति द्वारा निर्धारित किया जाएगा) प्राप्त करते हैं। अंतिम योग्यता सूची केवल पेपर- II में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी।
प्रश्नपत्र-I ओएमआर आधारित या कंप्यूटर आधारित वस्तुनिष्ठ परक बहुविकल्पीय परीक्षा होगी, जबकि प्रश्नपत्र-II विवरणात्मक होगा।

| | |
|---|---|
| **प्रश्नों का माध्यम** | **वस्तुनिष्ठ परक बहुविकल्पीय परीक्षा के प्रश्न अंग्रेजी और हिंदी दोनों में सेट किए जाएंगे।** |
| **परीक्षा का मानक** | **स्नातक स्तर** |

**<u>प्रश्नपत्र - I (आबंटित समय -1 घंटा)</u>**

| विषय | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | निगेटिव अंक |
|---|---|---|---|
| सामान्य बुद्धि (जनरल इंटेलिजेंस) | 50 | 150 (प्रत्येक सही उत्तर हेतु तीन अंक) | प्रत्येक गलत उत्तर हेतु एक नकारात्मक (निगेटिव) अंक |
| मात्रात्मक अभिक्षमता | 25 | 75 (प्रत्येक सही उत्तर हेतु तीन अंक) | प्रत्येक गलत उत्तर हेतु एक नकारात्मक (निगेटिव) अंक |
| सामान्य जागरूकता | 25 | 75 (प्रत्येक सही उत्तर हेतु तीन अंक) | प्रत्येक गलत उत्तर हेतु एक नकारात्मक (निगेटिव) अंक |

**<u>प्रश्नपत्र - II (आबंटित समय -2 घंटा)</u>**
यह प्रश्नपत्र अभ्यर्थियों के लेखन एवं अनुवाद कौशल का आकलन करने हेतु है जो कि इस सेवा के लिए आवश्यक हैं। प्रश्नपत्र में अंग्रेजी एवं हिंदी में अलग-अलग पैराग्राफ लिखना; अंग्रेजी और हिंदी में सार लेखन तथा अंग्रेजी से हिंदी और हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद करना सम्मिलित होगा। टियर- II परीक्षा में कुल अंक 300 होंगे तथा इस परीक्षा हेतु आबंटित समय 2 घंटे होगा।

**<u>परिषद की सेवा के अंतर्गत लाभ :</u>**

ए) इन पदों पर लखनऊ में तैनात परिषद के कर्मचारियों हेतु लागू केंद्र सरकार की दरों पर वेतन एवं भत्ते मिलते हैं। इसके अतिरिक्त, सीएसआईआर नियमों के अनुसार अन्य लाभ जैसे कि छुट्टी यात्रा रियायत (एलटीसी) तथा चिकित्सा व्यय की प्रतिपूर्ति भी हैं।
बी) 01.01.2004 को अथवा उसके बाद केंद्र सरकार की सेवाओं में भर्ती किए गए नए प्रवेशकों के लिए परिभाषित योगदान के आधार पर सभी नए प्रवेशकर्ता "राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली" के अधीन होंगे, जैसा कि सीएसआईआर द्वारा अपने कार्मिकों हेतु अपनाया गया है। यद्यपि, अन्य सरकारी विभागों/ स्वायत्त निकायों/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ केंद्रीय विश्वविद्यालयों से चयनित व्यक्ति जो कि

भारत सरकार की पेंशन योजना पैटर्न में है, वे वर्तमान पेंशन योजना अर्थात सीसीएस (पेंशन) नियम, 1972 के अधीन बने रहेंगे बशर्ते कि वे 01.01.2004 से पहले सरकारी सेवा में थे और सीसीएस (पेंशन) नियम, 1972 के अंतर्गत आते हैं।

**आयु सीमा एवं छूट :**

ए) अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए तथा ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को निर्धारित ऊपरी आयु सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए।

ब) परिषद/सरकारी/स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के कर्मचारियों के लिए 5 वर्ष तक आयु सीमा में छूट है।

सी) अशक्त व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडीएस) हेतु आयु में छूट: पीडब्ल्यूबीडी व्यक्तियों और अन्य निर्दिष्ट अशक्तों को केंद्र सरकार के अनुसार नियुक्ति हेतु आयु में 10 वर्ष की छूट अनुमत है बशर्ते कि निर्णायक तिथि पर आवेदक की अधिकतम आयु 56 वर्ष से अधिक नहीं हो। इस उप-पैरा के अंतर्गत आयु में छूट का दावा करने वाले व्यक्तियों को अपने दावों के समर्थन में निर्धारित प्रोफार्मा में प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा जो कि स्पष्ट रूप से यह दर्शाता हो कि शारीरिक अक्षमता की मात्रा(डिग्री) 40% अथवा उससे अधिक है। किसी भी मामले में, इन अभ्यर्थियों की नियुक्ति चयन द्वारा सीधी भर्ती से भरे जाने वाले प्रत्येक व्यकितगत सुसंगत समूह पदों हेतु सरकार द्वारा निर्धारित चिकित्सा फिटनेस के मानकों के अनुरूप चिकित्सकीय रूप से फिट पाए जाने की शर्त के अधीन होगी।

डी) भूतपूर्व सैनिकों हेतु ऊपरी आयु सीमा में छूट भारत सरकार के नियमों के अनुसार लागू होगी।

ई) भारत सरकार के प्रावधानों के अनुसार, विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं एवं पति से न्यायिक रूप से अलग होने वाली महिलाओं, जिन्होंने पुनर्विवाह नहीं किया है, के लिए ऊपरी आयु सीमा में 35 वर्ष की आयु तक छूट है। इस उप-पैरा के अंतर्गत आयु में छूट का दावा करने वाले व्यक्तियों को निम्नलिखित दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा :

i) विधवा के मामले में, उसके पति का मृत्यु प्रमाणपत्र एवं यह शपथ पत्र कि उसने तब से पुनर्विवाह नहीं किया है।

ii) तलाकशुदा महिलाओं एवं महिलाओं के न्यायिक रूप से अपने पति से अलग होने के मामले में, तलाक या न्यायिक अलगाव, जैसा भी मामला हो, के तथ्य को साबित करने हेतु उपयुक्त न्यायालय के निर्णय / डिक्री की प्रमाणित प्रति तथा तलाकशुदा महिलाओं के मामले में एक शपथ पत्र कि उन्होंने तब से पुनर्विवाह नहीं किया है।

**सामान्य शर्तें :**

ए. आवेदक को भारत का नागरिक होना चाहिए।

बी. सभी आवेदकों को विज्ञापन में वर्णित पद की अनिवार्य शैक्षिक योग्यता और अन्य शर्तों को ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि अर्थात **04-07-2023** को पूर्ण करना होगा। सभी आवेदकों को आवेदन करने से पूर्व स्वयं को संतुष्ट करने हेतु परामर्श दिया जाता है कि वे ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को कनिष्ठ हिंदी अनुवादक पद के लिए कम से कम अनिवार्य योग्यता अवश्य रखते हों। पात्रता संबंधी किसी पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

सी. नियुक्ति वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के अंतर्गत भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में है जोकि एक स्वायत्त निकाय है। यद्यपि, जब कभी भी आवश्यकता पड़ती है तो चयनित अभ्यर्थी सीएसआईआर मुख्यालय/किसी अन्य सीएसआईआर लैब/संस्थानों में सेवा करने के लिए भी उत्तरदायी हैं।

डी. आवेदन केवल ऑनलाइन मोड में आमंत्रित होंगे। किसी भी अन्य माध्यम से किए गए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

ई. ऑनलाइन आवेदन पत्र में केवल स्वप्रमाणित आवश्यक दस्तावेज ही अपलोड किए जाने चाहिए।

एफ़. निर्धारित आवश्यक शैक्षिक योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/ संस्थानों/ बोर्ड आदि से ही प्राप्त होनी चाहिए।

जी. शुल्क रहित (यदि लागू हो) आवेदन पत्र, फोटोग्राफ उचित रूप में अपलोड नहीं किया गया हो अथवा किसी भी प्रकार से अपूर्ण आवेदन पत्र को निरस्त कर दिया जाएगा और इस बारे में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

एच. सरकारी कर्मचारी अपने वर्तमान नियोक्ता का एक वचनबंध अपलोड करेगा कि यदि संबंधित पद हेतु उनका चयन हो गया तो उसे नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के एक माह के भीतर कार्यमुक्त कर दिया जाएगा, यद्यपि, एनओसी, सतर्कता अनापत्ति प्रमाण पत्र अभ्यर्थी द्वारा बाद के चरण में जमा किया जाएगा जैसा कि सीएसआईआर-आईआईटीआर द्वारा अपेक्षित हो।

आई. सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में जारी दिव्यांगता/ अशक्तता प्रमाणपत्र (पीडब्ल्यूडी) के साथ मेडिकल फिटनेस के निर्धारित मानकों के आधार पर दिव्यांग व्यक्ति इस पद पर नियुक्ति हेतु पात्र है। केंद्र या राज्य सरकार द्वारा विधिवत गठित एक मेडिकल बोर्ड शारीरिक रूप से दिव्यांगता/अशक्तता प्रमाणपत्र (पीडब्ल्यूडी) जारी करने हेतु सक्षम प्राधिकारी होगा।

जे. चयनित अभ्यर्थी प्रयोगशाला में पद का कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से एक वर्ष की अवधि हेतु परिवीक्षा पर रहेंगे। सक्षम प्राधिकारी के विवेक पर परिवीक्षा अवधि को बढ़ाया अथवा घटाया जा सकता है।

के. अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि पर जिस पद के लिए वह आवेदन कर रहा है उस हेतु उसके पास अनिवार्य शैक्षिक योग्यता है।

एल. अनिवार्य अर्हता की समानकता खंड के क्रम में, यदि कोई अभ्यर्थी यह दावा करता है कि यह अर्हता विज्ञापन की आवश्यकता के अनुसार समान अहर्ता है तो अभ्यर्थी से अपेक्षित है कि वह इस संबंध में प्राधिकार दर्शाते हुए(संख्या एवं तिथि सहित) आदेश/पत्र प्रस्तुत करेगा अन्यथा उसका आवेदन अस्वीकार करने योग्य होगा ।

एम. यदि अभ्यर्थी कोई दस्तावेज़/प्रमाणपत्र हिंदी अथवा अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में प्रस्तुत करता है तो विधिवत राजपत्रित अधिकारी या नोटरी द्वारा सत्यापित उसका प्रतिलेख प्रस्तुत करेगा।

एन. अभ्यर्थी को यह उल्लेख करना होगा कि क्या उनका कोई रक्त/निकट संबंधी सीएसआईआर-आईआईटीआर या सीएसआईआर की किसी अन्य राष्ट्रीय प्रयोगशाला/ संस्थानों में कार्यरत है।

ओ. किसी भी रूप में पक्षप्रचार करने / राजनीतिक या अन्य किसी प्रकार का प्रभाव डालने पर पद के लिए अयोग्य माना जाएगा ।

पी. पद हेतु पात्रता, आवेदनों की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन की विधि एवं परीक्षा के संचालन से संबंधित सभी मामलों में सीएसआईआर-आईआईटीआर के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम होगा और अभ्यर्थियों पर बाध्यकारी होगा। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति या उसकी एजेंसी की ओर से की जाने वाली कोई पूछताछ या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा ।

क्यू. आवेदन कर देने के उपरांत उसे वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी एवं भुगतान किए गए शुल्क को किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही इसे किसी अन्य भर्ती या चयन प्रक्रिया हेतु आरक्षित रखा जा सकता है।

आर. अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में उपस्थिति हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

एस. ऊपरी आयु सीमा, योग्यता एवं / या अनुभव निर्धारित करने हेतु तिथि ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि होगी।

टी. उपर्युक्त पदों हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को नवीनतम अद्यतन जानकारी हेतु संस्थान की वेबसाइट http://iitrindia.org or http://iitrindia.org/En/JHT2023.aspx को नियमित रूप से देखने के लिए परामर्श दिया जाता है।

यू. अभ्यर्थियों से अनुरोध किया जाता है कि भर्ती से सम्बंधित नवीनतम सूचनाओं के लिए संस्थान की वेबसाइट http://iitrindia.org or http://iitrindia.org/En/JHT2023.aspx का अवलोकन करते हैं।

वी. भर्ती से सम्बंधित प्रवेश पत्र संस्थान की वेबसाइट से अपलोड किये जायेंगें।

डब्ल्यू. आनलाईन आवेदन भरने से सम्बंधित तकनीकी सूचना के लिए nikhil@iitr.res.in तथा विज्ञापित पद पर किसी प्रशासनिक सूचना के लिए अभ्यर्थी so.recruit@iitr.res.in पर मेल कर सकते हैं।

एक्स. जहां भी दो या दो से अधिक उम्मीदवारों ने समान कुल अंक प्राप्त किए हैं, टाई को नीचे दिए गए वरीयता के क्रम के अनुसार हल किया जा सकता है (आरोही क्रम), जब तक कि टाई का समाधान नहीं हो जाता:

i) संबंधित विषय के प्रश्नपत्रों में उच्च अंक वाले उम्मीदवार को उच्च स्थान जायेगा।
ii) कम नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार, यदि लागू हो, लिखित परीक्षा के संबंधित विषय के प्रश्नपत्रों में उच्च स्थान पर रहेंगें।
iii) कम नकारात्मक अंक प्राप्त वाले उम्मीदवार, यदि लिखित परीक्षा के प्रश्नपत्रों (जो मेरिट की तैयारी के लिए माने गए हैं) में लागू होते हैं, तो उन्हें ऊपर रखा जायेगा।
iv) जन्म तिथि , वरिष्ठ उम्मीदवार को ऊपर रखा गया।
v) पहले आवश्यक डिग्री प्राप्त करने वाले उम्मीदवार उच्च स्थान पर रहेंगें।
vi) वर्णमाला क्रम जिसमें उम्मीदवारों के पहले नाम आते हैं।

## आवेदन कैसे करें:

ए. पात्र अभ्यर्थियों को केवल संस्थान की वेबसाइट http://iitrindia.org or http://iitrindia.org/En/JHT2023.aspx के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना अपेक्षित है।

बी. ऑनलाइन आवेदन पत्र संस्थान की वेबसाइट http://iitrindia.org/ पर **दिनांक 05-06-2023, अपराह्न 5:00 बजे** से उपलब्ध होगा ।

सी. यदि अभ्यर्थी के पास वैध ईमेल आईडी नहीं है ,तो उसे ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व एक नई वैध ईमेल आईडी बना लेना चाहिए एवं आगे के पत्राचार हेतु इसे सदैव सक्रिय रखना चाहिए।

डी. अभ्यर्थी को सीएसआईआर-आईआईटीआर की वेबसाइट पर दिए गए यूआरएल पर क्लिक करके आवेदन शुल्क हेतु रु. 100/- (अप्रतिदेय) का ऑनलाइन भुगतान करना आवश्यक है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **04.07.2023, अपराह्न 5:00 बजे** तक है।
आवेदन शुल्क केवल स्टेट बैंक कलेक्ट के माध्यम से ऑनलाइन जमा करना है। शुल्क के सफल भुगतान के उपरांत उत्पन्न लेनदेन संख्या (ट्रैन्ज़ैक्शन नंबर) का ऑनलाइन आवेदन में उल्लेख करना

आवश्यक है। अभ्यर्थियों को परामर्श दिया जाता है कि वे ई-रसीद डाउनलोड करें और इसे सुरक्षित रखें। सीएसआईआर-आईआईटीआर वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र के निर्देशों में ऑनलाइन शुल्क भुगतान प्रक्रिया के चरणों के बारे में जानकारी वर्णित है। अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पीडब्ल्यूडी / महिला / भूतपूर्व सैनिक / सीएसआईआर कर्मचारियों से संबंधित अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क जमा करने से छूट दी गई है।

ई. अभ्यर्थी की प्लेन बैकग्राउंड पर हाल के रंगीन फोटो ग्राफ की स्कैन की गई प्रति को आवेदन में अपलोड करना आवश्यक है। फोटोग्राफ का आकार 3.5 सेंटीमीटर x 4.5 सेंटीमीटर में हो। फोटोग्राफ़ की फ़ाइल का आकार जेपीजी प्रारूप में 500 केबी से अधिक नहीं होना चाहिए। हस्ताक्षर अपलोड करने के संबंध में अनुदेश ऑनलाइन आवेदन पत्र पर ही उपलब्ध हैं।

एफ. ऑनलाइन आवेदन पत्र को पूर्ण रूप से भरने एवं जमा (सबमिट) करने के उपरांत, अभ्यर्थियों को 'सेव' और 'पीडीएफ' बटन / आइकन पर क्लिक करके भरे हुए आवेदन पत्र का पीडीएफ प्रारूप में प्रिंटआउट लेना होगा। " आवेदन नंबर" ऑनलाइन मुद्रित आवेदन पत्र पर अंकित होता है। अभ्यर्थियों को इस नंबर को ध्यान पूर्वक नोट करना होगा एवं भविष्य के पत्राचार हेतु इसे सुरक्षित रखना होगा।

जी. अभ्यर्थियों को आवेदन की हार्ड कॉपी सीएसआईआर-आईआईटीआर, लखनऊ को भेजने की आवश्यकता नहीं है, यद्यपि, अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे आवेदन की प्रति अपने पास सुरक्षित रखें और सीएसआईआर-आईआईटीआर द्वारा मांगे जाने पर इसे प्रस्तुत करें।

एच. **ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज अवश्य अपलोड किए जाएं : -**

i शुल्क रसीद रु. 100 / - आवेदन शुल्क के रूप में, जहां लागू हो।

ii जन्म तिथि, शैक्षिक योग्यता, मार्कशीट, भूतपूर्व सैनिकों हेतु सेवा प्रमाणपत्र आदि की स्वप्रमाणित प्रतियां।

iii भारत सरकार (जीओआई) के प्रारूप में जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति ।

iv सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निःशक्तता प्रमाणपत्र (पीडबल्यूबीडी) की स्वप्रमाणित प्रति, यदि लागू हो।

v प्राप्त उच्च योग्यता, अनुभव की स्वप्रमाणित प्रतियां, यदि कोई हो।

***नोट : किसी भी विसंगति की स्थिति में इस विज्ञापन का अंग्रेजी में दिया गया मूलपाठ ही अधिकृत पाठ माना जाएगा।***

**प्रशासनिक अधिकारी**
**सीएसआईआर-आईआईटीआर**

****************************************